राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, बुधवार, 01 अप्रैल 2026
वर्ष 14, अंक 339, पृष्ट 04, मूल्य: 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

यूपी इंटरनेशनल फिल्म कॉन्क्लेव 2026 का भव्य आगाज़...03

'नहीं दूंगा, जो करना है कर लो', सिलेंडर मांगने पर एजेंसी मैनेजर ने युवक के साथ की हाथापाई, दर्ज हुई शिकायत...04

## बिहार विधानसभा की 19 समितियां गठित, राज्यसभा चुनाव में अनुपस्थित रहने वाले 2 विधायक बने अलग-अलग कमेटी के चेयरमैन

बिहार विधानसभा की 19 समितियों का गठन कर दिया गया है. विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार की मंजूरी के बाद समितियों के चेयरमैन और सदस्यों की सूची जारी कर दी गई है. बड़ी बात यह है कि राज्यसभा चुनाव के वक्त अनुपस्थित रहने वाले कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह और राजद विधायक फैसल रहमान को इनमें दो अहम समितियों का चेयरमैन बनाया गया है. इसके अलावा मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह और विधायक धूमल सिंह को बड़ी जिम्मेदारी मिली है. बिहार विधानसभा की 19 समितियों में नियम समिति के चेयरमैन, बिहार विधानसभा के ही अध्यक्ष प्रेम कुमार हैं. इस समिति में सदस्य के रूप में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिंह के अलावा जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी हैं. सामान्य प्रयोजन समिति के भी चेयरमैन प्रेम कुमार हैं. इनमें भी सदस्य के रूप में सम्राट चौधरी विजय कुमार सिन्हा और विजय कुमार चौधरी शामिल हैं.

**कांग्रेस विधायक मनोहर सिंह को ये जिम्मेदारी**

राज्यसभा चुनाव के वक्त अनुपस्थित रहने वाले कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह को प्रत्यायुक्त विधानसभा समिति का चेयरमैन बनाया गया है. इसमें सदस्य



के रूप में मुरारी मोहन झा और आबिद उर रहमान शामिल हैं. वहीं राजद के विधायक और राज्यसभा चुनाव में अनुपस्थित रहने वाले फैसल रहमान को गैर सरकारी विधायक एवं संकल्प समिति का चेयरमैन बनाया गया है. इसमें सुरेंद्र राम और अजय कुमार सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं. पुस्तकालय समिति का चेयरमैन केंद्रीय मंत्री और हम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी की समधिन ज्योति देवी को बनाया गया है. इसमें सदस्य के रूप में वीरेंद्र सिंह और शंभू नाथ यादव हैं. वहीं एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरूल ईमान को अल्पसंख्यक कल्याण समिति का चेयरमैन बनाया गया है. इनमें तौसीफ आलम और मुर्शीद आलम को सदस्य बनाया गया है.

**अवधेश सिंह पर्यावरण संरक्षण समिति के चेयरमैन**


यह दोनों एआईएमआईएम के विधायक हैं. पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति का चेयरमैन अवधेश सिंह को बनाया गया है. बड़ी बात यह है कि मोकामा से जदयू विधायक अनंत कुमार सिंह इस समिति के सदस्य बनाए गए हैं. जबकि पर्यटन उद्योग समिति का चेयरमैन मनोरंजन सिंह और उर्फ धूमल सिंह को बनाया गया है. पूर्व मंत्री सुनील कुमार पिंटू इस समिति के सदस्य हैं. दूसरे सदस्य अनिल सिंह है.शून्य काल समिति का चेयरमैन राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक माधव आनंद को बनाया गया है. इस समिति के अन्य सदस्यों में ललित नारायण मंडल, बैद्यनाथ प्रसाद और आलोक कुमार सिंह हैं. पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी को बिहार विरासत विकास समिति का चेयरमैन बनाया गया है. इस समिति के अन्य सदस्यों में शीला कुमारी और सर्वजीत हैं. कारा सुधार समिति का चेयरमैन निशा सिंह को बनाया गया है.

**जनक सिंह बनाए गए याचिका समिति के चेयरमैन**

इस समिति के अन्य सदस्य लालबाबू प्रसाद गुप्ता और प्रमोद कुमार सिंह हैं. वहीं याचिका समिति के चेयरमैन जनक सिंह बनाए गए हैं. इस समिति में रामानंद यादव सुनील कुमार और रत्नेश सदा को शामिल किया गया है. राजकीय आश्वासन समिति के चेयरमैन दामोदर रावत बनाए गए हैं. इसमें करनजीत सिंह और राम सिंह सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं. जदयू विधायक अमरेंद्र कुमार पांडे को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति का चेयरमैन बनाया गया है. इस समिति के अन्य सदस्यों में विजय कुमार मंडल और कमरुल होदा हैं. जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति के चेयरमैन शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल बनाए गए हैं. इसमें कुमार शैलेंद्र और रणधीर कुमार सोनी सदस्य हैं. एससी-एसटी कल्याण समिति का चेयरमैन संतोष कुमार निराला को बनाया गया है. ललन राम और अनिल कुमार इसके सदस्य हैं. सिद्धार्थ सौरव को निवेदन समिति का चेयरमैन बनाया गया है. कृष्ण कुमार मंटू और सुधांशु शेखर इसके सदस्य हैं. जबकि महिला एवं बाल विकास समिति का चेयरमैन अश्वमेघ देवी को बनाया गया है. आचार समिति का चेयरमैन संजीव चौरसिया को मनाया गया है.

## गुजरात को 20,000 करोड़ का तोहफा PM मोदी ने भरी विकास की हुंकार, कांग्रेस को घेरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात को 20 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी है. उन्होंने मंगलवार को राज्य में कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उनका उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को जमकर घेरा. एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से इस पूरे इलाके की तस्वीर बदलेगी. ये प्रोजेक्ट यहां के जीवन को एक नई गति देगी. वाव-थराद और बनासकांठा के इस क्षेस मेरा काफी लगाव रहा है. मैंने मिशन मोड में किया. जितना हो सके, उतना गुजरात को हमने आगे बढ़ाया. पीएम मोदी ने कहा कि आज मेरा मन एक और बात से प्रसन्न है. जब मैं यहां आया तो पहली बार मेरा विमान सीधे डीसा एयरबेस पर लैंड हुआ. डीसा का एयरबेस अंतरराष्ट्रीय सीमा से केवल 130 किमी दूरी पर है. आप समझ सकते हैं कि ये देश की सुरक्षा के लिए भी कितना अहम है लेकिन डीसा एयरबेस का काम आज से प्रारंभ नहीं हुआ. जब मैं मुख्यमंत्री था तब से मैंने जमीनें एक्वायर की और हम चाहते थे कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भारत की पश्चिम सीमा की सुरक्षा के लिए ये डीसा अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है. मगर पता नहीं, दिल्ली में उस समय जो लोग राज करते थे, उन्हें गुजरात के प्रति क्या नफरत थी. राष्ट्र की सुरक्षा का ये प्रोजेक्ट भी सालों तक फाइलों में



दबा रहा. आपने जब मुझे दिल्ली भेजा तो मैंने उन फाइलों को बाहर निकाला और आज उसका परिणाम है कि एयरफोर्स का एक बहुत बड़ा बेस अब डीसा से जुड़ गया है.

**'कांग्रेस को गुजरात से नफरत, देश रहे सावधान'**

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने में लगी है. विकास का सिलसिला डबल ताकत से लगी है. कांग्रेस सरकारों को गुजरात से नफरत थी. देश को कांग्रेस से सावधान रहना चाहिए. वैश्विक संकट में भी विपक्ष राजनीति कर रहा है. गिद्धों की तरह कांग्रेस इंतजार कर रही है. हमने पूरे गुजरात में, गांव गांव को अच्छी सड़कों से जोड़ा. हाई स्पीड हाइवेज बनाए. वंदे भारत जैसे हाई स्पीड ट्रेनों की सुविधा भी गुजरात को मिल रही है.प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि मुझे आज यहां दशकों पुराना हाल भी याद रहा है. वो दिन कोई नहीं भूल सकता, जब उत्तर गुजरात का नाम आते ही लोगों के मन में एक अलग ही तस्वीर बनती थी. सूखा, अकाल आदि को कौन भूल सकता है. सघर्ष से भरा ये जीवन, और कांग्रेस सरकार द्वारा हमारी निरंतर उपेक्षा... कौन भूल सकता है वो दिन. जब कई कई किमी दूर से पानी लाना पड़ता था.

**गुजरात रिन्यूएबल एनर्जी में बनेगा दुनिया का बहुत बड़ा केंद्र**

उन्होंने कहा कि साल 2010 में यानी, आज से 15-16 साल पहले मैंने मुख्यमंत्री रहते हुए सारंगपुर में देश का पहला सोलर पार्क का काम शुरू करवाया था. ये अपने में एक मल्टी टेक्नोलॉजी पार्क है, जिसने सोलर एनर्जी का मूवमेंट शुरू किया. आज गुजरात में जिस प्रकार सोलर एनर्जी का काम हो रहा है. जैसे आज ही खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क से जुड़ी परियोजनाएं शुरू हुई हैं. वो दिन दूर नहीं, जब गुजरात रिन्यूएबल एनर्जी में दुनिया का बहुत बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा.

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाराबंकी हत्याकांडः पीड़ित परिवार से मिले मंत्री OP Rajbhar, कहा- कानून का राज है, अपराधी बचेगा नहीं; आइसक्रीम विक्रेता की गला काटकर हुई थी हत्या



बाराबंकी जिले में हुए चर्चित हत्याकांड के बाद मंगलवार को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर पीड़ित बबलू राजभर के घर पहुंचे। उन्होंने करीब एक घंटे तक परिवार के साथ समय बिताया, शोक संवेदना व्यक्त की और मामले में कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। उनके पहुंचने से परिजनों को कुछ सहारा मिला और न्याय की उम्मीद जगी। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने अधिकारियों से मामले की गंभीरता से जांच कराने और दोषी को सख्त सजा दिलाने की बात कही। इस दौरान स्थानीय लोग और समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया**

गौरतलब है कि शनिवार को दरियाबाद थाना क्षेत्र के पारा बेहटा गांव निवासी बबलू राजभर की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया था। रविवार को पोस्टमार्टम के दौरान सामने आए घटनाक्रम और परिजनों के आरोपों के बाद मामले ने और तूल पकड़ लिया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि बबलू राजभर अपने परिवार का मुख्य सहारा था और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद पत्नी और छोटे-छोटे बच्चों के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि वह पीड़ित परिवार से मिलने और शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ-साथ मामले में हो रही कार्रवाई की जानकारी लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज है और कोई भी अपराधी बच नहीं सकता।

**श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को की थी मुलाकात**

बता दें कि इससे पहले सोमवार को प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे और आर्थिक सहायता व सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था। लगातार जनप्रतिनिधियों के पहुंचने से मामला सुर्खियों में बना हुआ है। जबकि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

## क्राइम कंट्रोल का बड़ा अभियान, पंजाब पुलिस को मिले 508 आपातकालीन वाहन, डायल 112 भी लॉन्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पंजाब में भगवंत मान की सरकार ने अपराध पर नियंत्रण के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है. भगवंत मान आज धुरी (संगरूर जिला) और नांगल (रूपनगर) के दौरे पर थे. यहां उन्होंने अनेक विकास परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई. पंजाब सरकार ने 'डायल 112' परियोजना के तहत पंजाब में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है. मुख्यमंत्री भगवंत मान ने संगरूर से 508 आपातकालीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

**वाहनों में कई आधुनिक उपकरण**

मान सरकार का कहना है कि इन वाहनों को पंजाब के सभी जिलों में तैनात किया जाएगा. आपातकालीन स्थिति में 112 डायल करने पर ये आपातकालीन वाहन तुरंत सहायता के लिए पहुंचेंगे. सभी वाहनों में मोबाइल डेटा टर्मिनल और स्मार्टफोन लगे होंगे. इसके साथ ही डैश कैमरा, वायरलेस सिस्टम और जीपीएस ट्रैकर के अलावा इन वाहनों में कई अन्य आधुनिक तकनीकें भी लगाई गई हैं. ध्वजारोहण



समारोह के बाद, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की जनता को संबोधित किया और सरकार की उपलब्धियों का ब्योरा दिया.

**23 करोड़ की लागत से एक 'उत्कृष्टता केंद्र'**

नांगल में उन्होंने कारगिल युद्ध में शहीद हुए कप्तान अमोल कालिया के नाम पर 23 करोड़ रुपये की लागत से एक 'उत्कृष्टता केंद्र' स्थापित किया. यहां 540 युवाओं को उद्योग की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए गए पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जाएगा. इस केंद्र में रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन प्रौद्योगिकी, सौर ऊर्जा और 3डी प्रिंटिंग सहित उच्च तकनीक के पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे. इसके साथ ही, नागरिक उड्डयन, एयर होस्टेसिंग और ड्रोन प्रौद्योगिकी के पाठ्यक्रम अब सरकारी आईटीआई में सीधे उपलब्ध कराए जाएंगे.

**नांगल झील के लिए आकर्षक प्लान**

नांगल झील को आकर्षक बनाया जाएगा और इसे एक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया जाएगा. उत्तर भारत का पहला कांच का पुल यहां 10 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा. इसके साथ ही, डॉ. भीम राव अंबेडकर स्कूल ऑफ एमिनेंस में 18 करोड़ रुपये की लागत से एक सभागार और एक नया शैक्षणिक भवन बनाया जाएगा.

## बंगाल में फॉर्म 6 पर BJP-TMC कार्यकर्ता भिड़े, चुनाव आयोग दफ्तर के बाहर झड़प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बंगाल में विधानसभा चुनाव की जंग के बीच बीजेपी और टीएमसी के बीच तनाव भी चरम पर है. इसकी बानगी आज चुनाव आयोग के दफ्तर के बाहर भी देखने को मिली. फॉर्म 6 को लेकर दोनों दलों के बीच झड़प हुई. नौबत हाथापाई तक पहुंच गई. बीजेपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि उनके साथ मारपीट की गई. वहीं टीएमसी समर्थकों का दावा है कि उनके साथ धक्का-मुक्की की गई. स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है. आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं. इस पूरे मामले में बीजेपी का दावा है कि टीएमसी कार्यकर्ता प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए थे. टीएमसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का दावा है कि सिर पर तिलक लगाए एक व्यक्ति पूर्वी मेदिनीपुर के 400 फॉर्म-6 लेकर अंदर गया था. हमने उसे रंगे हाथों पकड़ा है. उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए. इसके बाद टीएमसी कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए. एक कार्यकर्ता ने कहा, अगर उस व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया तो हम यहीं बैठे रहेंगे. इसके बाद पुलिस आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.



**पुलिस बैरिकेड के दोनों ओर कार्यकर्ताओं का जमावड़ा**

इस घटना के बाद उत्तरी कोलकाता से भी बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थक वहां पहुंच गए. दोनों दलों के कार्यकर्ता और समर्थक पुलिस बैरिकेड के दोनों ओर जमा हो गए. बीजेपी कार्यकर्ताओं का दावा है कि वो (टीएमसी कार्यकर्ता) वहां बैठकर गुंडागर्दी कर रहे हैं. एक कार्यकर्ता ने कहा, हम शुवेंदु दा के लिए आए हैं. टीएमसी के कार्यकर्ता वहां बैठकर गुंडागर्दी कर रहे हैं. ये लोग हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर रहे हैं.

**दोनों पक्षों की नारेबाजी से तनाव और बढ़ा**

इस घटना के साथ ही जैसे-जैसे समय बीता, स्थिति और भी तनावपूर्ण होती गई. एक तरफ टीएमसी तो दूसरी तरफ बीजेपी... दोनों पक्षों की ओर से नारेबाजी से तनाव बढ़ता गया. फिर टीएमसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर बीजेपी कार्यकर्ताओं की बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा.

**अभिषेक बनर्जी ने लगाया था ये आरोप**

बता दें कि बीते दिन यानी सोमवार को टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी फॉर्म-6 के जरिए मतदाताओं के नाम दर्ज कर रही है. ये सभी नए नाम बिहार-उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के हैं. इसके बाद अभिषेक ने आयोग से सीसीटीवी फुटेज जारी करने की मांग की थी.

## कानपुर यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की बेटी से गैंगरेप की कोशिश, 3 छात्रों पर FIR; पुलिस ने हिरासत में लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर की CSJM यूनिवर्सिटी के क्लासरूम में बीएमएलटी छात्रा से गैंगरेप की कोशिश की गई. छात्रा ने अपनी ही क्लास के तीन साथी छात्रों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद सभी को हिरासत में ले लिया गया है. हैरान करने वाली बात यह है कि छात्रा एक प्रोफेसर की बेटी है. कल्याणपुर की छत्रपति शाहू जी महाराज (CSJM ) यूनिवर्सिटी से एक शर्मनाक घटना सामने आई. यहां 16 मार्च को हेल्थ साइंस डिपार्टमेंट के बीएमएलटी सेकंड ईयर की एक छात्रा के साथ क्लासरूम में गैंगरेप जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की गई, जिसके बाद इस मामले में छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया. छात्रा ने अपने ही क्लास के तीन साथी छात्रों पर गंभीर आरोप लगाया है. छात्रा के परिजनों ने पहले विश्वविद्यालय प्रशासन से शिकायत की. इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. कल्याणपुर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत मुकदमा दर्ज





कर लिया. वहीं, तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया.

**पीड़िता का होगा मेडिकल**

कल्याणपुर थाना पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज किया और उसका मेडिकल कराया जा रहा है. साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. DCP एस.एम. कासिम आबिदी ने कहा, उपरोक्त सूचना मिलने पर कल्याणपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों नामजद अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया है. पीड़िता का बयान और मेडिकल कराया जा रहा है. साथ ही साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

**यूनिवर्सिटी प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की**

वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी गंभीरता दिखाते हुए आंतरिक समिति गठित की है, जो घटना की जांच कर रही है. कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा. जानकारी के अनुसार, पीड़िता छात्रा अभी सदमे में है और घटना के बाद यूनिवर्सिटी आने से कतरा रही है.

**आरोपियों ने छात्रा को धमकी दी थी**

पीड़िता के अनुसार, घटना के दौरान आरोपियों ने छात्रा को किसी को बताने पर गैंगरेप और जान से मारने की धमकी भी दी थी. डर के माहौल में छात्रा ने घटना के बाद विश्वविद्यालय आना बंद कर दिया थी. कई दिनों तक घर पर रहने के बाद जब परिजनों को पूरी बात पता चली तो उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से शिकायत की. कुलपति ने तुरंत मामले की जानकारी कल्याणपुर पुलिस को भिजवाई. यह घटना 16 मार्च की बताई जा रही, जबकि पुलिस को अब सूचना दी गई.

## मुंबई को मिली नई BMC कमिश्नर, IAS अफसर अश्विनी भिड़े के हाथों में कमान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मुंबई महानगरपालिका (BMC) की नई कमिश्नर के तौर पर अश्विनी भिड़े की नियुक्ति की गई है. प्रशासनिक अनुभव और सख्त कामकाज शैली के लिए जानी जाने वाली भिड़े को महाराष्ट्र सरकार का एक मजबूत और भरोसेमंद चेहरा माना जाता है. देवेंद्र फडणवीस की करीबी आईएएस अधिकारियों में शामिल अश्विनी भिड़े इससे पहले मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) में सचिव के पद पर भी कार्यरत रह चुकी हैं. मुंबई के महत्वाकांक्षी भूमिगत मेट्रो प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी संभालते हुए उन्होंने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई थी. इसके अलावा, क्क्ष्ट में एडिशनल कमिश्नर के रूप में भी उनका अनुभव रहा है, जिससे उन्हें नगर प्रशासन की गहरी समझ है.



**अश्विनी भिड़े निभा चुकीं ये बड़ी जिम्मेदारियां**

इससे पहले अश्विनी भिड़े मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) में सचिव के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं, जहां उन्होंने अहम प्रशासनिक जिम्मेदारियों को संभाला था. मुंबई के महत्वाकांक्षी भूमिगत मेट्रो प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी संभालते हुए अश्विनी भिड़े ने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई थी.

**शहरी व्यवस्था पर पकड़**

उनके नेतृत्व में परियोजनाओं की मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन को लेकर उनकी कार्यशैली को काफी सख्त माना गया. इसके अलावा, क्क्ष्ट में एडिशनल कमिश्नर के रूप में भी उन्होंने काम किया है, जिससे उन्हें नगर प्रशासन, शहरी व्यवस्था और स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली की गहरी समझ है. उनके इसी अनुभव को देखते हुए उन्हें मुंबई महानगरपालिका जैसे अहम संस्थान की कमान सौंपी गई है.

